दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 05
अंकः- 237
मुरादाबाद
(Friday)
19 December 2025
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

PM मोदी को एक और सर्वोच्च सम्मान, द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए मिला ऑर्डर ऑफ ओमान

पीएम मोदी को अब तक 28 देशों से सर्वोच्च सम्मान मिल चुके हैं, जो किसी भी भारतीय नेता के लिए रिकॉर्ड है। इनमें रूस का 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रू', यूएई का 'जायद मेडल', फ्रांस का 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर', मालदीव का 'रूल ऑफ इज्जुद्दीन' और नाइजीरिया, साइप्रस, फिजी जैसे देशों के प्रतिष्ठित पुरस्कार शामिल हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक और सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया गया है। ओमान ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान के लिए उन्हें ऑर्डर ऑफ ओमान से सम्मानित किया है। राजधानी मस्कट में ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक अल सईद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ऑर्डर ऑफ ओमान से सम्मानित किया है।ओमान समेत तीन देशों के दौरे पर प्रधानमंत्री मोदी पीएम मोदी अभी ओमान के दौरे पर है, जो उनके तीन देशों के दौरे का अंतिम पड़ाव है, वे आज ही ओमान से वापस स्वदेश लौटेंगे। वे 15 से 18 दिसंबर के बीच जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान के दौरे पर गए थे। इथियोपिया ने भी पीएम मोदी को किया सम्मानित- इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी को इथियोपिया ने भी %ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया% से सम्मानित किया था। यह सम्मान इथियोपिया के प्रधानमंत्री डॉ. अबी अहमद अली ने उन्हें दिया था। बता दें कि पीएम मोदी इस सम्मान को पाने वाले दुनिया के पहले प्रधानमंत्री हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए मिला चैंपियन ऑफ द अर्थ सम्मान- पीएम मोदी को संयुक्त राष्ट्र ने भी पर्यावरण संरक्षण के लिए %चैंपियन ऑफ द अर्थ% पुरस्कार से सम्मानित किया था। ये सम्मान केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती वैश्विक ताकत और प्रभाव का परिचायक हैं। पीएम मोदी की अगुवाई में भारत ने 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना को अपनाते हुए वैश्विक दक्षिण की आवाज को मजबूत किया है। उनकी विदेश यात्राएं नए व्यापारिक अवसर, निवेश और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का माध्यम बनी हैं।भारत-ओमान के बीच ऐतिहासिक सीईपीए समझौते पर हस्ताक्षर। जानें कैसे यह डील भारतीय निर्यातकों, आयुष सेक्टर और पेशेवरों के लिए खाड़ी देशों में शुल्क माफी और 100त्न स्नष्टद्ध के साथ प्रगति के नए द्वार खोलेगी।भारत और ओमान ने आज अपने आर्थिक संबंधों में एक नए युग की शुरुआत की है। दोनों देशों के बीच गुरुवार को आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता न केवल भारतीय निर्यातकों के लिए भारी अवसर लेकर आया है, बल्कि 2006 में अमेरिका के साथ हुए समझौते के बाद ओमान की ओर से किसी भी देश के साथ किया गया यह पहला द्विपक्षीय व्यापार समझौता है।व्यापारिक नजरिये से देखें तो वित्त वर्ष 2024-25 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 10 अरब डॉलर के पार पहुंच चुका है। ओमान में करीब सात लाख भारतीय रहते हैं, जो सालाना लगभग 2 अरब डॉलर की विदेशी मुद्रा भारत भेजते हैं। यह समझौता इन संबंधों को और मजबूती प्रदान करेगा।1. वस्तुओं का व्यापार- भारतीय उत्पादों की ड्यूटी-फ्री एंट्री इस समझौते के तहत ओमान ने भारत के 99.38% निर्यात (मूल्य के आधार पर) के लिए अपने दरवाजे खोल दिए हैं। जीरो ड्यूटी एक्सेस: ओमान ने अपनी 98.08% टैरिफ लाइनों पर जीरो-ड्यूटी की पेशकश की है। इनमें से 97.96% टैरिफ लाइनों पर शुल्क तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया जाएगा। प्रमुख क्षेत्रों जैसे रत्न एवं आभूषण, कपड़ा, चमड़ा, जूते, खेल का सामान, इंजीनियरिंग उत्पाद, फार्मा और ऑटो जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों को पूर्ण शुल्क छूट मिलेगी। पारंपरिक चिकित्सा यानी आयुष पर भी एफटीए में फैसला लिया गया। पहली बार किसी देश ने पारंपरिक चिकित्सा के सभी माध्यमों पर प्रतिबद्धता जताई है, जिससे भारत के आयुष और वेलनेस क्षेत्र के लिए वैश्विक अवसर पैदा होंगे। फार्मा क्षेत्र में तेजी आएगी। यूएसएफडीए, ईएमए और यूकेएमएचआरए जैसी वैश्विक संस्थाओं की ओर से अनुमोदित भारतीय दवाओं को ओमान में मार्केटिंग की अनुमति मिलने में अब देरी नहीं होगी। 2. सेवाओं का व्यापार और पेशेवर आवाजाही- ओमान का सेवाओं का कुल आयात लगभग 12.52 अरब डॉलर है, जिसमें भारत की हिस्सेदारी वर्तमान में मात्र 5.31% है। यह समझौता इस गैप को भरने का काम करेगा। मोड 4 यानी पेशेवर आवाजाही पर भी एफटीए में चीजें साफ हुई हैं। पहली बार ओमान ने भारतीय पेशेवरों की आवाजाही पर व्यापक रियायतें दी हैं। इंट्रा-कॉरपोरेट ट्रांसफरीज का कोटा 20% से बढ़ाकर 50% कर दिया गया है। टेंडर के आधार पर सेवा प्रदान करने वाली कंपनियों के लिए समय की अवधि को 90 दिनों से बढ़ाकर दो साल कर दिया गया है। इसे दो साल और विस्तार दिया जा सकता है। भारतीय कंपनियों के लिए 100 फीसदी एफडीआई का रास्ता साफ: आईटी, बिजनेस सर्विसेज, ऑडियो-विजुअल, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में भारतीय कंपनियां अब ओमान में 100% प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) कर सकेंगी। 3. संवेदनशील उत्पादों के लिए सुरक्षा चक्र- भारत ने घरेलू हितों की रक्षा के लिए कुछ सख्त कदम भी उठाए हैं- शुल्क कटौती से एफटीए में कई क्षेत्रों को बाहर रखा गया है। डेयरी, चाय, कॉफी, रबर, तंबाकू उत्पाद, सोना-चांदी की ईंटें (bullion) और स्क्रैप धातु जैसे संवेदनशील उत्पादों पर कोई रियायत नहीं दी गई है। ओमान के निर्यात हितों वाले कुछ उत्पादों के लिए भारत ने टैरिफ-रेट कोटा (TRQ) उदारीकरण का रास्ताअपनाया है, ताकि घरेलू उद्योग प्रभावित न हों।ओमान मध्य पूर्व और अफ्रीका के बाजार के लिए भारत का प्रवेश द्वार- ओमान मध्य पूर्व और अफ्रीका के बाजारों के लिए भारत का एक महत्वपूर्ण गेटवे (प्रवेश द्वार) है। ओमान में 6,000 से अधिक भारतीय प्रतिष्ठान काम कर रहे हैं। महीनों में यह भारत का दूसरा बड़ा व्यापारिक समझौता है, जो भारत की आक्रामक वैश्विक व्यापार रणनीति का उदाहरण है। दोनों देशों ने भविष्य में ओमान की अंशदायी सामाजिक सुरक्षा प्रणाली लागू होने पर सामाजिक सुरक्षा समन्वय% पर चर्चा करने पर भी सहमति जताई है।

संक्षिप्त समाचार

नगीना सांसद चंद्रशेखर की याचिकाएं खारिज, सहारनपुर दंगों से संबंधित केस रद्द करने से इन्कार

नगीना लोकसभा सीट से सांसद चंद्रशेखर आजाद को इलाहाबाद हाईकोर्ट से तगड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने सांसद की उस अपील को खारिज कर दिया है जिसमें उन्होंने सहारनपुर दंगों के मामले में उनके खिलाफ दर्ज मामलों को रद्द करने की गुहार लगाई थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नगीना सीट से सांसद चंद्रशेखर के खिलाफ वर्ष 2017 के सहारनपुर दंगों से संबंधित चार अलग-अलग प्राथमिकी और उनके आधार पर चल रही कार्यवाहियों को रद्द करने से इन्कार कर दिया है। न्यायमूर्ति समीर जैन की एकलपीठ ने कहा कि एक ही दिन होने वाली घटनाओं के लिए अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की जा सकती हैं।सहारनपुर के थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में 9 मई 2017 को हिंसा और आगजनी की घटनाएं हुईं। पुलिस ने इस मामले में पहली एफआईआर (152/2017) दर्ज की थी।

लोकसभा से वीबी-जी-राम-जी विधेयक पारित, कृषि मंत्री बोले- बापू का अपमान कर रहा विपक्ष

संसद में आज कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विपक्षी दलों के हंगामे पर नाराजगी का इजहार किया। लोकसभा में विकसित भारत जी राम जी विधेयक पर हुई विस्तृत चर्चा का जवाब देते समय शिवराज ने कहा कि विपक्षी दलों का हंगामा महात्मा गांधी का अपमान है। उन्होंने कहा कि बापू का अपमान कर रही विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने तो गांधी को भी गांधी से चुराने का पाप किया है। विपक्ष के भारी हंगामे के बीच लोकसभा से %वीबी-जी-राम-जी% विधेयक पारित हो गया है और ओम बिरला ने कार्यवाही स्थगित कर दी। संसद में आज विपक्षी दलों के हंगामे के बीच शिवराज सिंह चौहान ने विकसित भारत जी-राम-जी विधेयक पर विस्तार से जवाब दिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष सरकार का जवाब सुनना ही नहीं चाहता। केंद्रीय कृषि मंत्री ने सरकार की तरफ से जारी आंकड़े पेश करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने फंड का दुरुपयोग किया, लेकिन हमारी सरकार ने विकास कार्यों पर खर्च करने पर जोर दिया। शिवराज सिंह चौहान ने दावा किया कि सरकार किसानों के साथ-साथ गरीबों के कल्याण के लिए विधेयक लाई है, जिसका विरोध किया जा रहा है। उन्होंने कहा, सबसे पहले इस पवित्र सदन में मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं। सभापति महोदय को धन्यवाद देना चाहता हूं। इस विषय पर हमने माननीय सदस्यों के विचार सुने हैं। अब जवाब देना मेरा अधिकार है। मैं आपसे संरक्षण चाहता हूं। मैंने रात के डेढ़ बजे तक माननीय सदस्यों की बात सुनी है। अपनी बात सुना देना और फिर जवाब न सुनना ये लोकतांत्रिक परंपराओं को तार-तार करना है। संविधान की धज्जियां उड़ाना है। ये बापू के आदर्शों की हत्या भी कर रहे हैं। अपनी बात सुना दो और हमारी न सुनो। ये भी हिंसा है। यह बापू के आदर्शों की हत्या करने का काम कांग्रेस और बाकी विपक्ष कर रहे हैं। हम गांधी के आदर्शों पर चलने वाले लोग- कृषि मंत्री- उन्होंने कहा, सबसे पहले मैं पूज्य बापू (राष्ट्रपति महात्मा गांधी) के चरणों में प्रणाम करना चाहता हूं। बापू हमारी श्रद्धा हैं। बापू जी हमारे आदर्श हैं। बापू हमारी प्रेरणा हैं। बापू हमारे विश्वास हैं। इसलिए माननीय अध्यक्ष महोदय भारतीय जनता पार्टी ने अपने पंच निष्ठाओं में गांधी के सामाजिक-आर्थिक दर्शन को स्थान दिया है। हम गांधी जी के आदर्शों पर चलने वाले हैं। गांधी जी ने ही कहा था कि गांव भारत की आत्मा है। अगर गांव मर जाएंगे, भारत मर जाएगा। %किसी राज्य के साथ भेदभाव नहीं करते%- कृषि मंत्री ने कहा, यह गांवों के विकास का विधायक है। माननीय प्रतिपक्षी सदस्यों ने कई तरह के आरोप लगाए। एक बात यह कही कि हम भेदभाव करते हैं। सारा देश हमारे लिए एक है। चेन्नई हो या गुवाहाटी, अपना देश-अपनी माटी। अलग भाषा-अलग वेष, फिर भी अपना एक देश। उन्होंने आगे कहा, मैं इनको बताना चाहता हूं कि अटल जी ने क्या कहा था। माननीय अध्यक्ष महोदय, हम देश के किसी भी राज्य के साथ भेदभाव नहीं करते। हमारे नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था - यह देश हमारे लिए जमीन का टुकड़ा नहीं है, जीता-जाता राष्ट्र पुरुष है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी की टिप्पणी पर जवाब देते हुए कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सनक मोदी सरकार पर सवार नहीं है। उन्होंने कहा कि अपने खानदान का महिमामंडन करने के लिए इन्होंने महात्मा गांधी की बजाय केवल नेहरू परिवार के नाम पर सरकारी योजनाओं का नामकरण किया। कांग्रेस पर खानदान के महिमामंडन में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए शिवराज ने कहा कि नेहरू परिवार के नाम पर योजनाओं के नाम रखे गए। उन्होंने दावा किया कि 25 नाम स्वर्गीय राजीव गांधी और 27 नाम इंदिरा गांधी के नाम पर रखे गए। इसके अलावा शैक्षणिक संस्थानों, सड़कों, इमारतों, अवार्ड्स के नाम भी इसी खानदान के लोगों के नाम पर रखे गए।

खेती बचेगी तो देश बचेगा, किसानों के हक, तकनीक और भविष्य पर जयंत चौधरी का बड़ा संदेश

बड़ौत में केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि किसान को उसकी मेहनत की पूरी कीमत मिलेगी, तभी देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। खेती में तकनीक, एआई और संगठन पर जोर दिया।भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती पर बागपत के किशनपुर बराल में किसान सम्मान समारोह आयोजित हुआ। केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने बड़ौत में कहा कि किसान को उसकी मेहनत का पूरा दाम मिलेगा, तभी गांव, गरीब और देश की अर्थव्यवस्था मजबूत रहेगी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि खेती केवल आजीविका नहीं, बल्कि देश की रीढ़ है। अगर किसान कमजोर हुआ तो राष्ट्र कमजोर होगा, और अगर खेती मजबूत रही तो देश को कोई हिला नहीं सकता।तकनीक और एआई से जुड़नी होगी खेती- जयंत चौधरी ने कहा कि अब समय आ गया है कि किसान सिर्फ खेत तक सीमित न रहे। विज्ञान, तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नई सोच को खेती से जोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि भारत की तेज़ प्रगति के पीछे युवाओं की नई सोच है और यही सोच अब खेती में भी उतरनी चाहिए।चौधरी अजित सिंह को किया याद- जयंत चौधरी ने चौधरी अजित सिंह को याद करते हुए कहा कि उन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद किसानों के अधिकारों की बड़ी लड़ाई लड़ी। उनकी स्मृति में इंटर कॉलेज में पुस्तकालय का उद्घाटन इस बात का प्रमाण है कि शिक्षा ही किसान और समाज का सबसे बड़ा हथियार है। चेताते हुए उन्होंने कहा कि इस बार गन्ने की पैदावार कमजोर नजर आ रही है। किसानों को अब एक ही फसल पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। बागवानी, फल, सब्जी, मसाले और वैकल्पिक फसलों में भविष्य की बड़ी संभावनाएं हैं। छोटे किसान कृषि की असली ताकत- जयंत चौधरी ने कहा कि छोटे और सीमांत किसान भारतीय कृषि की असली ताकत हैं।

जनता के मुद्दों से बचने के लिए वंदे मातरम पर चर्चा कराना चाहती है सरकार... विधानसभा सत्र पर बोले अखिलेश

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी सरकार जनता के जरूरी मुद्दों पर चर्चा से बचना चाहती है इसलिए विधानसभा में वंदे मातरम के मुद्दे पर चर्चा करवाना चाहती है। जबकि लोकसभा में इस मुद्दे पर चर्चा हो चुकी है।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी सरकार जनता के मुद्दों से बचना चाहती है इसलिए जरूरी मुद्दों को छोड़कर वंदे मातरम पर चर्चा करवाना चाहती है जबकि इसकी चर्चा लोकसभा में हो चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा के लोगों ने आजादी के पहले और बाद कभी भी वंदे मातरम नहीं गाया और अब जरूरी मुद्दों को बचने के लिए वंदे मातरम पर चर्चा करवाना चाहते हैं। अखिलेश यादव बृहस्पतिवार को सपा मुख्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि लखनऊ में प्रदूषण के कारण भारत दक्षिण अफ्रीका का मैच रद्द हो गया और सरकार के लोग कह रहे हैं कि एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) ठीक था। उन्होंने कहा कि ये लोग कहां से एक्यूआई लेकर आए। सरकार के लोग कह रहे हैं कि किसी स्वतंत्र एजेंसी के एक्यूआई के आंकड़ों पर यकीन न करें।

ये लोग ऐसा इसलिए कह रहे हैं कि प्रदूषण पर कोई चर्चा न हो।उन्होंने कहा कि भाजपा ने सबसे ज्यादा पेड़ कटवाए हैं। छत्तीसगढ़ में पूरे के पूरे जंगल समाप्त करवा दिए। अब अरावली की पहाड़ियों को खत्म कर देना चाहते हैं। सोनभद्र में खनन करवाते हुए 500 फीट के गड्ढे करवा दिए। ये लोग मुद्दों पर कोई बात नहीं करना चाहते हैं। नीतीश के साथ हेल्पर की जरूरत- बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एक युवती के हिजाब हटा देने पर अखिलेश यादव ने कहा कि इस उम्र में उनके साथ किसी हेल्पर की जरूरत है। किसी भी समुदाय के इमोशन को हर्ट नहीं करना चाहिए। किसी के साथ ही भी इस तरह की घटना नहीं होना चाहिए। एसआईआर पर उठाए सवाल- अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा चुनाव आयोग की मदद से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कर रही है। इसकी मदद से सरकार विपक्ष के वोट काट देना चाहती है।

संपादकीय Editorial

Modi's 'Nabin' Experiment

Prime Minister Modi has once again surprised political pundits and most party leaders with the appointment of Nitin Nabin as the BJP's National Executive President. While the party continues to cite the Parliamentary Board, appointments to top leadership and constitutional positions are decided by Prime Minister Modi. Home Minister Amit Shah's advice is also sought in some cases. RSS approval is also required, but Modi ultimately makes the selection. The BJP's National Executive President was discussed within the Parliamentary Board just two days before the announcement of this appointment, but no name was put forward. Most members of the Parliamentary Board were of the opinion that the party's future president should be relatively young, upper caste, and from a Hindi heartland state. Based on these considerations, Nitin Nabin, a five-time MLA and minister from Bihar, was selected. In any case, with one or two exceptions, the BJP's National President has always been from the upper caste. Of course, in states, leadership has also been entrusted to leaders from backward and Dalit communities. Nitin Nabin, a leader from the upper caste Kayastha community, is 45 years old, making him the BJP's youngest national executive president. He will succeed J.P. Nadda as the BJP's national president in due course. Nitin Nabin has served as the national general secretary of the BJYM under Anurag Thakur, and has also served as in-charge and co-in-charge of several states, so he understands the organization's spirit and expectations well. Nadda was 52 when he became party president. Amit Shah was 49. Rajnath Singh would also have been 52 or 53 years old. Atal Bihari Vajpayee and L.K. Advani would also have been 55 or 58 when they first became BJP presidents. Age is not a criterion for top leadership, but Prime Minister Modi's "Nabeen" experiment is certainly challenging. He entrusted the leadership of the BJP to a new generation by appointing Mohan Charan Majhi, Mohan Yadav, Bhajanlal Sharma, Biplab Deb, Bhupendra Patel, Pushkar Singh Dhami, Nayab Singh Saini, and others as Chief Ministers. Like these leaders, Nabin represents the fourth generation of the BJP. However, his identity was never "national." However, Nitin Nabin has now become a new link in the chain established by Atal Bihari Vajpayee, Advani, Murli Manohar Joshi, Rajnath Singh, and JP Nadda, who earned the BJP the reputation of being the world's largest political party. Maintaining that dominance, position, and dignity is Nitin Nabin's challenge. His political and electoral challenge lies in the fact that assembly elections are scheduled for Assam, West Bengal, Tamil Nadu, Puducherry, and Kerala in 2026, and the Uttar Pradesh general elections in 2027. In Kerala, the BJP won a landslide victory in the local body elections in Thiruvananthapuram, demolishing the Left Front's 45-year-old stronghold. It is expected that the public will give the BJP-NDA a chance in the assembly elections, but the BJP remains a "zero" in Tamil Nadu. While an alliance with the AIADMK may gain it some seats, Tamil Hindus have yet to accept the BJP. Prime Minister Modi is repeatedly visiting Ram temples and offering prayers to gain public approval. However, the results will only be clear after the elections. Nabin will face serious political challenges in 2028-29, as Modi will likely not seek to become Prime Minister after the 2029 Lok Sabha elections, so an alternative will be needed. Preparations for that will have to begin in 2026. However, for the first time, a Bihari leader has reached the position of National Executive President, so it is natural for Bihar to be overjoyed. Nabin has a reputation as a polite and combative leader. It is only in the BJP that an unknown.

The scope of reforms should be expanded, and institutional reforms are also necessary.

To achieve a developed nation by 2047, a minimum requirement is that GDP growth remain above eight percent for a long time. Furthermore, we must also undertake institutional reforms in the judiciary, public administration, and police. A consensus must be reached on land reforms. GDP growth is essential for a developed nation by 2047. Institutional reforms in the judiciary and administration are essential. Consensus on land reforms is crucial. According to the International Monetary Fund's (IMF) October Global Economic Outlook, which forecasts the global economy, the global economy may remain in recession. Risks remain. Against this backdrop, the Indian economy's growth figures for the second quarter of the current financial year, announced on November 28, were surprising. GDP growth during this period was recorded at 8.2 percent. This is also considered a significant achievement because, despite the shadow of the global recession and the uncertainty created by Trump's tariffs, the Indian economy has accelerated further. GDP growth in the first quarter had registered a growth of 7.8 percent. During the second quarter, the primary sector of GDP, agriculture, grew by 3.5 percent, the secondary sector, industry, by 7.7 percent, manufacturing by 9.1 percent, and the tertiary sector, services, by 9.2 percent, indicating a strong economic foundation. This is why India has long remained the world's fastest-growing major economy. However, some are expressing doubts about these figures. However, such voices cannot change the reality. Since the COVID-19 pandemic, the Indian economy has consistently met analysts' expectations year after year, demonstrating a rejuvenation and growth. A section dismissed the 9.2 percent GDP growth in fiscal year 2024 as a jugglery of figures, expressing fears that GDP growth would decline the following year. Such people were disappointed, as India recorded a GDP growth of 6.5 percent in fiscal year 2025. This brings the two-year average GDP growth to 7.85 percent, belying the claims of those expressing doubts. Since 2000, India's long-term GDP growth has been 6.5 percent. It's clear that India's potential GDP growth has exceeded seven percent. Such projections are primarily based on the central government's reforms and various positive initiatives over the past decade. Regarding macroeconomic reforms, the indirect tax system has been strengthened through the GST, addressing fragmented tax systems. Legislative initiatives such as the Insolvency and Bankruptcy Code (IBC), the Real Estate Regulatory Authority (RERA), and the Monetary Policy Committee (MPC) have also been crucial. In this regard, the health of banks and corporate balance sheets has been improved. A national digital public infrastructure has been established to bridge the digital divide. Capital expenditure has been prioritized over revenue expenditure, which has accelerated infrastructure construction. There has also been progressive success in controlling the fiscal deficit. It's worth noting that in 2013, India was ranked among the five most fragile economies, struggling with inflation, fiscal deficit, and numerous other parameters. However, a steady stream of reforms has transformed the situation. Over the past decade, several positive initiatives by the central government are now bearing fruit. Lakhpati Didi, Mudra loans, and Farmer Producer Organizations (FPOs) are notable in this regard. It is estimated that the number of Lakhpati Didi will reach 10 million by the end of fiscal year 2025, with a target of 30 million. Under the Mudra scheme, approximately 520 million loans have been disbursed, totaling ?33 lakh crore. The electronic trading portal e-NAM has established itself as a unified national market, serving as a bridge between farmers and agricultural produce marketing committees across the country. Such initiatives have proven useful in skill development, employment generation, capacity building, and market stability. This has broadened the scope of financial and social inclusion of marginalized groups, especially the rural population, leading to their widespread empowerment. On the economic front, the Global Capacity Centers (GCCs) are a major success of the current era. India is becoming a hub for such entities. Currently, 1,700 GCCs are active, employing 1.9 million people. They generated revenues of $64.6 billion by 2024. It is estimated that this figure could reach $100 billion by 2030. Meanwhile, measures like the "Public Trust" Act provide for self-certification and self-assessment. Several provisions have been decriminalized. Pressure from banks, insurance companies, and mutual funds for the return of public funds, and from tax authorities, also indicate that governance is gradually improving. These initiatives are translating into increased economic participation, improved infrastructure, declining logistics costs, reduced economic exploitation, and a rising capital-output ratio. The recently announced labor reforms and the recommendations of the Gauba Committee are expected to further improve the situation. These are expected to provide significant relief to MSMEs. While these reforms cannot be described as revolutionary like the 1991 reforms, it is certain that these small reforms will lay the foundation for greater success. India aims to become a developed nation by 2047. A minimum requirement for this is a sustained GDP growth rate of above 8%. Furthermore, we must undertake institutional reforms in the judiciary, public administration, and police. A consensus must be reached on land reforms. This has long been felt to reduce the time and cost of implementing enterprise contracts, facilitate land acquisition, and facilitate the delivery of public services.

The judiciary is under attack from the opposition; this effort could prove costly.

If a government disagrees with a court decision, is impeachment its only recourse? A larger bench is the option against a single bench. The Supreme Court was also open. Instead, the attempt to directly bring an impeachment motion suggests that the Tamil Nadu government wants to create an environment where the courts will ultimately deliver decisions in its favor. This is an attempt to pressure the judiciary. This effort could prove costly for the DMK and its allies. The DMK's mobilization against Justice Swaminathan, the notice of impeachment, expands coalition politics. The DMK at the center of minority politics in Tamil Nadu, the way the DMK and its allies mobilized against Justice G.R. Swaminathan, the Madras High Court judge who ordered the establishment of the Karthigai Deepam tradition, indicates that the coalition partners are not willing to learn any lessons from the Bihar results. The filing of an impeachment notice against Swaminathan by 120 INDIAN MPs, led by DMK MP Kanimozhi, is an extension of the coalition's traditional politics. The coalition is unable to digest the fact that a judge has ruled to establish a majority Sanatani tradition. He approved the establishment of the Karthigai Deepam tradition on the hilltop of Tirupparankundram in Madurai district, which had been discontinued following a dispute in 1920. The DMK-led Tamil Nadu government, citing fears of controversy, blocked Swaminathan's decision from being implemented. Interestingly, the minority community did not oppose it; rather, the government itself instigated the controversy. The state government even appealed Swaminathan's decision in the Supreme Court, but it also felt that if it did not teach the judge a lesson, its politics, based on secularism, could be shattered. The most surprising step in the DMK's move to teach the judge a lesson and curb the judiciary is the active participation of other constituents of the opposition alliance. The presence of Congress leaders and Akhilesh Yadav with Kanimozhi when the impeachment motion was presented to the Lok Sabha Speaker is a strong indication. The opposition parties are attempting to signal to the minority community that only the INDIAN can target a judge for its own interests. The opposition alliance is attempting to woo the state's approximately six percent minority population for the Tamil Nadu Assembly elections to be held in a few months. Since minorityism has been at the core of the DMK's politics, it has no hesitation in stopping the tradition of Karthigai Deepam. Before discussing this entire issue, it is important to understand what the Karthigai Deepam festival is. Known as the Festival of Lights of the South, Karthigai Deepam is a tradition of lighting lamps in the Tamil month of Rama in honor of Lord Murugan. It is believed that Lord Shiva himself appeared as the eternal pillar of fire to resolve the dispute between Brahma and Vishnu. In memory of this pillar, the Mahadeepakam is lit near the ancient pillar called Deepathun near the Uchippalayam Temple. This tradition also existed on the Tirupparankundram hill, but later a dargah was established near the temple. Following the establishment of the dargah, it was necessary to promote secularism, so the authorities stopped the Deepam tradition. Court intervention was sought to restore it. The case was first heard in the Madurai District Court and later in the Madras High Court, where Justice G.R. Swaminathan ordered the resumption of the tradition of lighting lamps on the hill. Following this, devotees began gathering on the hill on December 3, but the police stopped them. This move by the DMK government gave the BJP a major issue. She is asking what mistake did the state's Hindus commit that they had to approach the court for the right to light lamps, and even after receiving a favorable order, it was not allowed to be implemented? The DMK's predecessor, the Justice Party, was founded in 1916. It was founded to oppose Brahminism. Over time, its anti-Brahminism politics increasingly focused on anti-Brahminism. Later, its opposition expanded to include Hindi and the entire Sanatan tradition. This is why the Stalin clan never refrains from harshly criticizing Hindutva. The relentless opposition to Hindi and now to Karthigai Deepam is an extension of this tradition. The opposition alliance is currently deeply concerned with saving the Constitution. In the eyes of the opposition alliance, which raises the slogan "The Constitution is in danger," justice is only what fits their narrative; otherwise, it is against secularism. These parties have still not wholeheartedly accepted the Supreme Court's decision on the Ram Temple. In this context, Swaminathan is also being targeted. This has once again exposed the opposition coalition's pro-minority political strategy. If a government disagrees with a court decision, is impeachment the only way out? A larger bench is an alternative to a single-judge bench. The Supreme Court was also open. Instead, the attempt to directly bring an impeachment motion suggests that the Tamil Nadu government is trying to create an environment where the courts will ultimately pass decisions in its favor. This is an attempt to pressure the judiciary. This effort could prove costly for the DMK and its allies.

सूरज ने मानी हार... दिनभर छाया रहा घना कोहरा, मुरादाबाद मंडल में स्कूलों का समय बदला

पहाड़ों से आ रही ठंडी हवाओं के कारण मुरादाबाद में घना कोहरा छाया रहा। रात का तापमान में भी गिरावट आई है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अगले कुछ दिनों तक घना कोहरा बना रहेगा। ठंड के देखते हुए स्कूलों के समय में परिवर्तन किया गया है। मुरादाबाद में 17 दिसंबर 2025 का दिन पांच साल में सबसे ठंडा रहा। दिन का तापमान 18.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले 2019 में 17 दिसंबर को दिन का तापमान लुढ़ककर 19 डिग्री सेल्सियस पहुंचा था। इसके छह साल बाद बुधवार को ऐसा हुआ। हालांकि पिछले वर्षों में 17 दिसंबर की तारीख के सापेक्ष रात का तापमान अभी सामान्य है। 17 दिसंबर 2020 को रात का तापमान पांच डिग्री सेल्सियस था। जबकि इस वर्ष बुधवार की रात तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि यह जलवायु परिवर्तन को प्रदर्शित करता है। पहाड़ों की ठंडी हवा के कारण मुरादाबाद में यह असर दिख रहा है। बुधवार को भी दिन भर कोहरा व धुंध शहर की सड़कों की छाई रही। लोगों को सूरज की झलक नहीं दिखाई दी। पंत विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह के मुताबिक आने वाले तीन दिनों में घना कोहरा छाए रहने के आसार हैं। आने वाले सप्ताह में ठंड से राहत मिलने के आसार कम हैं।सर्दी के सितम से यात्री घटे- सर्दी बढ़ने की वजह से बसों में यात्रियों की संख्या घट गई। 20 से 25 यात्री लेकर ही चालक और परिचालक अपने फेरे पूरे कर रहे हैं। मुरादाबाद बस अड्डा इंचार्ज किरण पाल सिंह ने बताया दो दिनों के भीतर यात्रियों की संख्या में गिरावट आई है। बसों में 30 से 35 यात्री भरना मुश्किल हो रहा है। सर्दी बढ़ने की वजह से लोग जरूरी काम पड़ने पर ही घरों से निकल रहे हैं।समय बदला, दस बजे से खुलेंगे जिले के स्कूल- कड़ाके की ठंड की वजह से मुरादाबाद में स्कूलों के समय में परिवर्तन कर दिया गया। अब कक्षा आठ तक के स्कूल सुबह दस बजे खुलेंगे। मुरादाबाद के डीएम अनुज सिंह के अनुसार अत्याधिक शीतलहर, कोहरे के कारण विद्यार्थियों की सुरक्षा व स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कक्षा नर्सरी से आठ तक के सभी परिषदीय, माध्यमिक, राजकीय, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त सभी बोर्ड के विद्यालयों का संचालन सुबह दस बजे से दोपहर तीन बजे तक किया गया है।

सभी स्कूलों द्वारा इस आदेश का कड़ाई से पालन करने को कहा गया है। रात का तापमान अपेक्षाकृत राहत भरा- दिन की ठंड ने रिकॉर्ड बनाया है लेकिन रात का तापमान पिछले कुछ वर्षों की तुलना में ज्यादा नीचे नहीं गया। वर्ष 2025 में 17 दिसंबर की रात का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अगर बीते वर्षों से तुलना करें तो 2019 में 17 दिसंबर की रात का तापमान 9 डिग्री, 2020 में 5 डिग्री, 2021 में 7 डिग्री, 2022 में 11 डिग्री, 2023 में 8 डिग्री और 2024 में 9 डिग्री सेल्सियस रहा था।मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अगर पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और ठंडी हवाओं का सिलसिला जारी रहा, तो आने वाले दिनों में दिन के तापमान में और गिरावट दर्ज की जा सकती है। सुबह के समय कोहरा और सर्द हवाएं लोगों की परेशानी बढ़ा सकती हैं। रामपुर में स्कूल 20 तक बंद, मुरादाबाद-संभल में समय बदला- कड़ाके की ठंड की वजह से रामपुर में 20 दिसंबर तक कक्षा आठ तक के बच्चों के लिए छुट्टी कर दी गई है। जबकि मुरादाबाद और संभल जनपद में स्कूलों के समय में परिवर्तन कर दिया गया। अब कक्षा आठ तक के स्कूल सुबह दस बजे खुलेंगे। पिछले तीन दिन से पड़ रही कड़ाके की ठंड के कारण बच्चों को सुबह जल्दी स्कूल जाने में परेशानी हो रही थी।इसको लेकर अभिभावक लगातार स्कूलों के समय परिवर्तन या छुट्टी की मांग कर रहे थे। मौसम विभाग ने भी अलर्ट जारी किया है। इसके मद्देनजर रामपुर के डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने जिले में आठवीं तक के स्कूलों में 20 दिसंबर तक अवकाश घोषित कर दिया है। अब स्कूल 22 दिसंबर को खुलेंगे।साथ ही आदेश नहीं मानने वालों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। डीएम ने बताया कि यह अवकाश सरकारी, अर्द्धसरकारी और निजी स्कूलों के लिए है। इस दौरान अगर कोई विद्यालय खुला पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।वहीं मुरादाबाद डीएम अनुज सिंह के अनुसार अत्याधिक शीतलहर, कोहरे के कारण विद्यार्थियों की सुरक्षा व स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कक्षा नर्सरी से आठ तक के सभी परिषदीय, माध्यमिक, राजकीय, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त सभी बोर्ड के विद्यालयों का संचालन सुबह दस बजे से दोपहर तीन बजे तक किया गया है।

संक्षिप्त समाचार

सपा नेता आजम खां को कोर्ट से राहत, भड़काऊ भाषण केस में बरी, आप प्रवक्ता ने लगाए थे गंभीर आरोप

भड़काऊ भाषण के आरोप में दर्ज मुकदमे में एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां को बरी कर दिया। यह मामला लोकसभा चुनाव 2019 के दौरान दिए गए कथित भाषण से जुड़ा था। इसकी रिपोर्ट आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ने दर्ज कराई थी।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आजम खां के खिलाफ दर्ज मुकदमे में बृहस्पतिवार को फैसला आ गया। कोर्ट ने उन्हें साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। यह मुकदमा भड़काऊ भाषण से संबंधित है जिसे आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता फैसल खान लाला ने शहर कोतवाली में दो अप्रैल 2019 को दर्ज कराया था।तब आजम खां पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़े थे। उन पर भड़काऊ भाषण देने का आरोप था। आम आदमी पार्टी के नेता की ओर से दर्ज रिपोर्ट में कहा गया था कि 29 मार्च 2019 को आजम खां ने सपा कार्यालय पर भाषण दिया था। इसकी वीडियो प्रसारित की थी।उसमें आजम खां लोगों को तत्कालीन जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों के खिलाफ भड़का रहे थे। उनके खिलाफ चुनाव आचार संहिता उल्लंघन, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम आदि धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसकी जांच पूरी कर पुलिस ने आजम खां के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था।

कोहरे के कारण थमी वाहनों की रफ्तार, एक घंटे में तय हुआ 25 मिनट का सफर

मुरादाबाद । शहर में शीतलहर और घने कोहरे ने जनजीवन प्रभावित कर दिया है। बीती रात दृश्यता शून्य के करीब पहुंच गई, जिससे सड़कों पर चलना जोखिम भरा हो गया। मंगलवार देर रात से ही कोहरे की चादर छा गई थी और ठंडी हवा के साथ गलन बढ़ती चली गई। हालात ऐसे रहे कि वाहन चालकों को रास्ता दिखाई देना मुश्किल हो गया। नतीजतन कई प्रमुख मार्गों पर रफ्तार बेहद धीमी रही और हादसे का डर बना रहा। बुधवार को भी सुबह से कोहरा छाया रहा। बुधवार को कोहरे के कारण रोजमर्रा का सफर भी कठिन हो गया। आमतौर पर 25 मिनट में तय होने वाला रास्ता लोगों ने करीब एक घंटे में पूरा किया। दोपहिया वाहन चालकों और पैदल यात्रियों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ा। कोहरे में अचानक सामने से वाहन आ जाने के डर से लोग बार-बार ब्रेक लगाते दिखे। वहीं, हाईवे और शहर के बाहरी इलाकों में भारी वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित रही। यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए नगर निगम और जिला प्रशासन की ओर से रात भर सड़कों पर सतर्कता अनाउंसमेंट कराया गया। पीएससी तिराहा, पीलीकोठी, महाराणा प्रताप चौक, कपूर कंपनी, रेलवे स्टेशन रोड, रोडवेज बस स्टैंड के बाहर, हनुमान मूर्ति तिराहा समेत महानगर में जगह-जगह लाउडस्पीकर के माध्यम से वाहन चालकों से धीमी गति से चलने, फॉग लाइट का उपयोग करने और आगे चलने वाले वाहनों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की जाती रही। प्रमुख चौराहों और व्यस्त मार्गों पर पुलिसकर्मी भी तैनात रहे। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उत्तर-पश्चिमी ठंडी हवाओं के चलते आने वाले दिनों में कोहरा और गलन बने रहने की संभावना है। नहीं निकला सूरज, अलाव ने पहुंचाई राहत- सुबह से ही कोहरा छाया रहा और दिनभर ठिठुरन बनी रही। सूरज नहीं निकला, जिससे ठंड का असर और बढ़ गया। लोग ऊनी कपड़ों में लिपटे नजर आए और सुबह-शाम अलाव के सहारे ठंड से राहत पाने की कोशिश करते दिखे। बाजारों में भी देर से चहल-पहल शुरू हुई।

सरकार की सिनेमाघरों के उच्चीकरण के लिए समेकित प्रोत्साहन योजना शुरू, एडीएम वित्त ने दी जानकारी।

नवीन मल्टीप्लेक्स निर्माण एवं सिनेमाघर/मल्टीप्लेक्स के उच्चीकरण के लिए समेकित प्रोत्साहन योजना प्रारंभ की गई है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्रीमती ममता मालवीय ने बताया कि जिले में बंद पड़े एवं चालू सिनेमाघरोंके स्वामी/लाइसेंसी/ प्रबंधक अथवा संचालक या अन्य इच्छुक व्यक्ति/फर्म या कंपनी इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे सिनेमाघर जो बंद पड़े हैं अथवा घाटे में चल रहे हैं उनको पूर्ण रूप से तोड़कर उनके स्थान पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त लघु क्षमता के सिनेमा हॉल सहित व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स का निर्माण, पुराने बंद पड़े अथवा संचालित सिनेमाघरों के भवन की आंतरिक संरचना में परिवर्तन कर पुन: संचालित होने वाले सिनेमाघर, बंद पड़े एकल सिनेमाघरों में बिना किसी आंतरिक संरचना में परिवर्तन किए यथास्थिति में पुन: संचालित करने वाले सिनेमाघर, व्यवसायिक गतिविधियों सहित अथवा रहित न्यूनतम 75 आसान क्षमता के एकल स्क्रीन सिनेमाघर के निर्माण एवं सिनेमाघर/मल्टीप्लेक्स का उच्चीकरण हेतु यह योजना संचालित है। शासन स्तर से जारी इस संबंध में दिशा निर्देशों के बारे में विस्तृत जानकारी या अन्य सहयोग एवं सहायता के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय सहायक आयुक्त राज्य कर (पूर्व में मनोरंजन कर विभाग) कलेक्ट्रेट परिसर मुरादाबाद में संपर्क किया जा सकता है।

जिले में यूरिया की भरपूर उपलब्धता, जिला कृषि अधिकारी ने दी जानकारी

निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर बिक्री अथवा टैगिंग की निर्धारित नंबरों पर दर्ज कराएं शिकायत। जनपद में रबी फसलों में गेंहू की बुवाई का कार्य लगभग समाप्ति की ओर है एवं गेंहू की फसल में यूरिया के छिड़काव का कार्य तेजी से किया जा रहा है, जिस हेतु जनपद में 38711 मी. टन यूरिया की उपलब्धता कराते हुए सहकारी एवं निजी उर्वरक बिक्री केन्द्रों के माध्यम से अब तक 19872 मी. टन यूरिया का वितरण कराया जा चुका है। इसके अतिरिक्त जनपद में 18839 मी. टन यूरिया अभी भी अवशेष है तथा प्रतिदिन औसतन 200 मी. टन यूरिया सड़क मार्ग से भी आपूर्ति कराया जा रहा है। जनपद में लगभग सभी सक्रिय सहकारी समितियों पर यूरिया की उपलब्धता है और यूरिया की कोई कमी नहीं है। जिलाधिकारी द्वारा जनपद के सभी रिटेलर्स को नियमानुसार जोत के आधार पर पीओएस मशीन के माध्यम से निर्धारित दर (266.50 रू / बैग) यूरिया की बिक्री कराने हेतु आदेशित किया गया है।

जिला कृषि अधिकारी डा. राजेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि जनपद में यदि किसी भी सहकारी अथवा निजी उर्वरक बिक्री केन्द्र पर अधिक दर पर उर्वरक वितरण अथवा टैगिंग की शिकायत पायी जायेगी तो संबंधित विक्रेता के विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 3/7 के अर्न्तगत कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि कृषक अपनी फसल में कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों / कृषि वैज्ञानिकों द्वारा संस्तुत दर के अनुसार ही यूरिया तथा अन्य उर्वरकों का प्रयोग करें। अधिक मात्रा में उर्वरक के प्रयोग से जहां एक ओर कृषक पर आर्थिक बोझ पड़ता है वहीं दूसरी ओर मृदा स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है। जनपद में यदि किसी भी सहकारी अथवा निजी उर्वरक बिक्री केन्द्र पर अधिक दर पर उर्वरक वितरण अथवा टैगिंग की जा रही हो तो जिला कृषि अधिकारी, मुरादाबाद के मो.नं. 7839882748 अथवा सहायक आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता, मुरादाबाद के मो.नं. 8868089133 पर फोन कर जानकारी दें।

गलन भरी ठंड ने दिल और दमा रोगियों की मुश्किलें बढ़ाई

मुरादाबाद । सर्दी बढ़ने के साथ ही बीते कुछ दिनों से हृदय और अस्थमा के रोगियों की मुश्किलें बढ़ने लगी हैं। इससे पहले इमरजेंसी में दो-चार मरीज ही पहुंचते थे, लेकिन शीतलहर के चलते संख्या बढ़कर 25 से 30 हो गई है। जिला अस्पताल की ओपीडी के साथ निजी अस्पताल की ओपीडी में सांस से संबंधित सौ से अधिक रोगी पहुंचे। हृदय रोग को दिखाने की सलाह दी जा रही है। चेस्ट फिजिशियन डॉ.प्रदीप वार्ष्णेय का चाहिए। जिला अस्पताल में दिल का कोई विशेषज्ञ नहीं है। यहां प्रथम उपचार ही बोले, इन दिनों सांस लेने में दिक्कत वाले मरीज अचानक बढ़ गए हैं। इसके लिए सही से उपचार हो सके। सर्दियों के सीजन में सांस संबंधी समस्या वाले रोगियों साथ पूरे शरीर को गर्म कपड़ों से ढककर रखना चाहिए। ठंड में ब्लड प्रेशर के

कुमार सिंह ने बताया कि शरीर का तापमान सामान्य रखें। ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखें। नियमित चेक कराते रहें। चिकित्सक द्वारा जो दवा लिखी गई हैं उस दवा की डोज को संशोधित करा लें। इसके अलावा जब सुबह को सोकर उठें तो तुरंत बाहर न निकलें। सांस व अस्थमा के मरीजों को शीतलहर में काफी सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है। ये बरतें सावधानी- - बाहर जाते समय स्कार्फ या मास्क पहनें। - प्रदूषण का स्तर अधिक हो तो जरूरी होने पर ही बाहर निकलें। - ठंडी हवा के साथ-साथ ठंडे पेय या खाद्य पदार्थों से भी बचें। - डॉक्टर की बताई गई दवाएं और इनहेलर हमेशा साथ रखें। - सिर ढककर निकलें बीपी रखें नियंत्रित। ऐसे करें बचावअस्थमा, हृदय के मरीज ठंड के साथ ही धुएं से दूरी बनाएं। - सोने से दो से ढाई घंटे पहले पौष्टिक सुपाच्य भोजन कर लें। - पानी हल्का गुनगुना करके पिएं, शरीर में पानी की कमी न होने दें। - हरी सब्जियों के साथ फलों का भी करें सेवन। - धूल और धुएं से रहें दूर। - नियमित रूप से घर की सफाई करें। चादरों को नियमित धोएं। - नम हवा वायुमार्ग को बेहतर रखने में मदद कर सकती है इसलिए यूमिडिफायर का उपयोग करें। - अगर संभव हो तो घर के अंदर ही व्यायाम करें ताकि ठंडी हवा में जाने से बचा जा सके। - धूम्रपान और सिगरेट, अंगीठी, स्टोव के धुएं से दूर रहें।

अस्पतालों में भी रोगियों की कतार लग रही है। बुधवार को जिला विशेषज्ञ न होने की वजह से मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद विशेषज्ञ कहना है कि सर्दी में अस्थमा और हृदय के रोगियों को एहतियात बरतनी दिया जा सकता है। सांस के रोगियों का भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। इमरजेंसी में पर्याप्त मात्रा में दवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। ताकि मरीजों का को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। इन दिनों गर्म पानी के सेवन के मरीजों को विशेष ध्यान देने की जरूरत है। जनरल फिजिशियन डॉ. आशीष

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

शासन की टीम को प्रसूताओं के अधूरे मिले टीकाकरण कार्ड, छह सदस्यीय टीम ने अस्पताल पहुंचकर की जांच पडताल की

अधिवक्ता और सभासद ने टीम के सामने रखी समस्याएं

क्यूँ न लिखूँ सच/ पूरनपुर-पीलीभीत।शासन से आई टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्यकेंद्र पहुंच कर निरीक्षण किया।इस दौरान टीम को लेबर रुम में भर्ती प्रसूताओं के टीकाकरण कार्ड अधूरे मिले। इस पर मौजूद जिम्मेदारों को निर्देश दिए। इसके अलावा शौचालय में में गंदगी मिलने पर भी नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान अधिवक्ता और सभासदों ने भी अपनी समस्याओं को रखा। टीकाकरण और अन्य जानकारी करने के लिए शासन की ओर से टीम का गठन किया गया। गुरुवार टीम दोपहर बाद करीब तीन बजे सरकारी अस्पताल पहुंची। टीम ने यहां पर आकर पहले प्रभारी चिकित्साधिकारी से जानकारी जुटाई। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का जायजा लिया। टीम के एक सदस्य ने ओपीडी की गैलरी में जाकर शौचालय निरीक्षण किया। यहां पर अंदर गंदगी

■फोटो -01प्रसूताओं के टीकाकार कार्ड चेक करती टीम

मिली इसको ठीक करवाने के लिए चीफ फार्मासिस्ट जितेन्द्र कुमार को निर्देश दिए गए।इसके बाद टीम के सदस्यों ने लेबर वार्ड का निरीक्षण किया। यहां पर भर्ती रम्पुरा कपूर की रहने वाली प्रसूता के टीकाकरण का कार्ड देखा। यह कार्ड अधूरा मिला। इस पर वहां मौजूद जिम्मेदारों को निर्देश देते हुए कहा कि टीकाकरण कार्ड हर हाल में भरा जाए। इसके लिए आशा और एएनएम को निर्देशित करने की बात कही गई। कोल्डचैन में निरीक्षण में कुछ कमियां पाई गई दुरुस्त करने के निर्देश प्रभारी संजीव नायर से कहा गया। टीम ने गांव पिपरिया दुलई में भी जाकर जांच पडताल की। यहां पर भी टीकाकरण को देखा। टीम में यूनीसेफ के आरिफ,सत्यवीर के अलावा लोग शामिल थे। इसके अलावा निरीक्षण के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा.मनीष राज शर्मा, डा.राशिद,डा.सूरज पांडेय,बीसीपीएम मीनीक्षी दुबे सहित कई लोग मौजूद थे।

सड़क पर उतरे कांग्रेसी , पुलिस ने कार्यकर्ताओं को लिया हिरासत में

भाजपा सरकार के खिलाफ किया उग्र प्रदर्शन

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली । केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने से संबंधित बिल के विरोध में गुरुवार को कांग्रेस ने चौकी चौराहा पर बरेली में आक्रामक प्रदर्शन किया, कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए सड़क जाम करने की कोशिश भी की । हालातों को बिगड़ते देख कोतवाली पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए कई कांग्रेस जनों को हिरासत में लेकर कोतवाली पहुंचा दिया।

कांग्रेस नेताओं ने चौकी चौराहा स्थित गांधी पार्क में धरना दिया और केंद्र की एनडीए सरकार पर लोकतंत्र को कुचलने के गंभीर आरोप लगाए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना से

महात्मा गांधी का नाम हटाना केवल प्रशासनिक फैसला नहीं, बल्कि देश की विचारधारा और विरासत पर सीधा हमला है। आरोप लगाया कि केंद्र सरकार पूरी तरह तानाशाही रवैया अपनाए हुए है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के खिलाफ ईडी द्वारा लगाए गए आरोपों को अदालत द्वारा खारिज किए जाने के बावजूद, केंद्र सरकार बदले की भावना से उनके खिलाफ नई कार्रवाई की साजिश रच रही है।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी के जिलाध्यक्ष अशफाक सकलैनी को थाना सिरौली में अवैध रूप से हाउस अरेस्ट कर रखा गया है। उनका मोबाइल फोन बंद जा रहा है और उनसे किसी भी प्रकार का संपर्क नहीं हो पा रहा, जो खुली राजनीतिक दमनकारी कार्रवाई का जीता जागता उदाहरण है।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

संक्षिप्त समाचार

चीनी मिल के दो अधिकारी हुए सस्पेंड

क्यूँ न लिखूँ सच/ बीसलपुर सहकारी चीनी मिल की मरम्मत को शासन द्वारा दिए गए करोड़ों रुपए का दुरुपयोग करने से सहकारी चीनी मिल बीसलपुर की सही से मरम्मत न करने के कारण चीनी मिल बार-बार चालू सत्र में बंद हो रही है जिससे गन्ना किसानो को कई कई दिन गन्ना तौल न होने से कड़ाके की ठंड में परेशानी हो रही किसानों ने इसकी शिकायत लगातार सांसद एवं केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद से की जिससे चीनी मिल एवं गन्ना किसानो के हितों को ध्यान में रखते हुए जितिन प्रसाद ने प्रमुख सचिव गन्ना एवं चीनी मिलें उत्तर प्रदेश शासन एवं जिलाधिकारी पीलीभीत को जांच कर कार्रवाई करने एवं समस्या का समाधान करने के लिए निर्देश दिए जिसके उपरांत सहकारी चीनी मिल बीसलपुर के चीफ केमिस्ट एवं चीफ इंजीनियर को सस्पेंड किया गया एवं चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक एवं सीसीओ के विरुद्ध भी अभी जांच जारी है चीनी मिल एवं गन्ना किसानो के हितों में किए गए कार्य को गन्ना किसानों की ओर से सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद का निष्पक्ष और न्यायकारी कार्य प्रणाली के लिए आभार व्यक्त किया गया

बहला फुसलाकर युवती को भगाया 45 हजार रुपए की नकदी सहित लाखों के जेबर ले जाने का आरोप

क्यूँ न लिखूँ सच/ एक दर्जन लोगों पर मुकदमा दर्ज। बीसलपुर। बहला फुसलाकर भगाने और 45 हजार रुपए की नकदी सहित लाखों रुपए के जेबर ले जाने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक दर्जन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। बीसलपुर के मोहल्ला निवासी एक युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसकी 22 वर्षीय बहन को वसीम, इरशाद, दिलशाद, आमिर, मुमताज, वसीम की माता, अमन, रौनक, निवासी खटीमा ऊधम सिंह नगर, इशरत, महक हनीफ, रिफा निवासी बीसलपुर ने बहला फुसलाकर भगा ले गए जो अपने साथ 45 हजार रुपए कीनकदीऔर लाखों रुपए के जेबर साथ लेकर गयी है पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

अपर जिलाधिकारी ने शहर में रैन बसेरों का किया निरीक्षण गरीब व जरूरतमंद ठंड में रैन बसेरों से न रहे कोई वंचित

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली । अपर लाधिकारी(वित्त एवं राजस्व) संतोष कुमार सिंह ने विगत दिवस देर रात शहर के रैन बसेरों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी(वित्त एवं राजस्व) ने पुराना बस अड्डा, सैटेलाइट, रेलवे स्टेशन सहित

शहर कई स्थानों पर फुटपाथ पर सो रहे निसहाय लोगों को कंबल वितरित किया और रैन बसेरों में आश्रय भी दिलाया। निरीक्षण के समय ठंड के दृष्टिगत रैन बसेरे में आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे- साफ-सुथरे रजाई-गददे, गरम पानी, अलाव आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये तथा कोई व्यक्ति ठंड मे खुले मे ना सोये इसका भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड आदि स्थानों पर रैन बसेरों की सूची चस्पा की जाये, जिससे आमजन को जानकारी हो सके और वह खुले आसमान में सोने के बजाय रैन बसेरे का लाभ उठा सकें। निरीक्षण के समय उप जिलाधिकारी सदर प्रमोद, नायब तहसीलदार विदित सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

मानवता हुई शर्मसार:पैसे नहीं भरने पर अस्पताल ने बेटे का रोका शव , पिता ने सड़क किनारे मांगी भीख

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। मानवता को शर्मसार करने वाली घटना हुई। एक युवक की मौत के बाद उसके पिता को सड़क किनारे भीख मांगनी पड़ी जिससे की वो अस्पताल के पैसे चुकाकर बेटे का शव ले जा सकें। घटना पीलीभीत बाईपास स्थित निजी अस्पताल की है। अस्पताल में इलाज के दौरान घायल युवक की मौत के बाद हंगामा हो गया। परिजनों का आरोप है कि 2.5 लाख रुपये देने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने 2.5 लाख रुपये और मांगे। रुपये नहीं होने पर अस्पताल के स्टाफ ने शव देने से इंकार कर दिया।

बता दें कि मृतक के पिता का भीख मांगते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो इज्जतनगर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों पक्षों में सुलह कराकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। हिन्दुस्तान

वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता। बदायूं के हजरतपुर के नगरिया कला निवासी श्यामलाल का बेटा धर्मवीर सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजनों ने उसे पीलीभीत बाईपास स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। अस्पताल में 16 दिन इलाज के बाद उसने दम तोड़ दिया। घरवालों का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने 2.5 लाख रुपये की मांग करते हुए शव देने से इंकार कर दिया। इसी बीच सोशल मीडिया पर श्यामलाल का एक वीडियो वायरल हो गया जिसमें वह लोगों से भीख मांग रहा था। इज्जतनगर पुलिस को सूचना मिली तो वह निजी अस्पताल पहुंची। जांच में पता चला कि वायरल वीडियो बदायूं के नगरिया कला गांव का है। पुलिस ने अस्पताल प्रबंधन और मृतक के घरवालों से बातचीत कर मामला शांत कराया। शव का पंचायतनामा कर परिजनों को सौंप दिया।

पैक्ड फूड की तरह बिकेंगे अंडे FSSAI ने अंडा कारोबारियों को दी सख्त हिदायत

अनुपालन हेतु 6 माह की समय सीमा होगी प्रदान

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने अंडा उत्पादकों, थोक विक्रेताओं व वितरकों को नए पैकेजिंग नियमों से अवगत कराने के उद्देश्य से बुधवार को सिटी प्वाइंट कॉन्फ्रेंस हॉल में एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के अंतर्गत आयोजित की गई।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय अपूर्व श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया कि अब अंडों की बिक्री भी पैक्ड फूड आइटम की श्रेणी में आएगी। उन्होंने बताया कि निर्माता, उत्पादक एवं वितरक द्वारा बाजार में भेजे जाने वाले अंडों को पैकेजिंग विनियम-2011 के अनुरूप पैक करना अनिवार्य होगा।

श्री वास्तव ने बताया कि प्रत्येक पैकेट पर निर्माता का पूरा पता, स्वस्थ्य लाइसेंस नंबर, कुल अंडों की संख्या, खुदरा बिक्री मूल्य, कोड/लॉट नंबर, उत्पादन या

पैकिंग तिथि, तथा समाप्ति/उपयोग की तिथि (E&piry/Use By Date) अंकित करना आवश्यक होगा। इसके साथ ही फूड एलर्जन, पैक खोलने के बाद भंडारण की शर्तें एवं कस्टमर केयर नंबर का उल्लेख भी अनिवार्य किया है ।

स्वस्थ्य द्वारा इन नियमों के अनुपालन हेतु 6 माह की समय-सीमा प्रदान की गई है। इसके बाद नियमों का पालन न करने वाले कारोबारियों के विरुद्ध स्वस्थ एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल ने अंडों की पैकेजिंग प्रक्रिया को लेकर व्यावहारिक जानकारी साझा की। इस अवसर पर ऑनलाइन पोर्टल पर बिक्री हेतु उपलब्ध अंडों की पैकेजिंग के नमूने मंगवाकर प्रदर्शन पैनल के माध्यम से व्यापारियों को नियमों की बारीकियों से अवगत कराया गया।

कार्यशाला में खाद्य सुरक्षा अधिकारी पी.के. राय, श्री सुशील सचान, अनिल प्रताप सिंह, तेज बहादुर सिंह, कमलेश कुमार शुक्ला, आर.पी. वर्मा एवं हिमांशु सिंह उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कारोबारियों की शंकाओं का मौके पर ही समाधान भी किया।

शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में अंडा कारोबारी कार्यशाला में शामिल हुए। उनकी सुविधा के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेंद्र कुमार द्वारा एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया, जिसके माध्यम से कारोबारियों को समय-समय पर नवीनतम दिशा-निर्देश और सूचनाएं उपलब्ध कराई जाएंगी ।

टीकाकरण हर बच्चे का अधिकार और हर अभिभावक की जिम्मेदारी : सीमओ

